SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2026
माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2026

(ANNUAL / वार्षिक)

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

C

SIL - HINDI (NLH)
द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

206-

विषय कोड :
Subject Code : **206**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
Total Questions : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
Total Printed Pages : 32

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

खण्ड - अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **50 × 1 = 50**

1. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) कँटिला (B) अनुशंसा

(C) आकृष्ट (D) पुरुष

2. किस समास में सभी पद प्रधान होते हैं ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) द्वंद्व (D) बहुव्रीहि

3. निम्नलिखित में कौन शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है ?

(A) आपादमस्तक (B) देवालय

(C) दुधारी (D) पीतांबर

4. अर्थ के अनुसार वाक्य के कितने भेद हैं ?

(A) तीन (B) सात

(C) आठ (D) दस

5. निम्नलिखित में कौन सरल वाक्य है ?

(A) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं ।

(B) जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं ।

(C) सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा ।

(D) संकटों ने उसे हर तरह से घेरा, किंतु वह निराश नहीं हुआ ।

6. निम्नलिखित में कौन वाक्य शुद्ध है ?

(A) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं ।

(B) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है ।

(C) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं ।

(D) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है ।

7. निम्न में 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) सहकार (B) मयूख

(C) कृशानु (D) अंबर

8. 'विस्तृत' शब्द का विपरीतार्थक शब्द क्या है ?

(A) संक्षिप्त (B) ह्रास

(C) सामान्य (D) स्थूल

9. 'जो क्षमा पाने लायक है' - वाक्यखंड के लिए एक शब्द है

(A) कृतज्ञ (B) क्षम्य

(C) द्विज (D) अज्ञ

10. 'बात की बात में' - मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) डींग हाँकना (B) बहस छिड़ जाना

(C) बहाना करना (D) अतिशीघ्र

11. 'दामन' शब्द का अर्थ है

(A) जला हुआ (B) पिछला

(C) दबाया हुआ (D) आँचल

12. कबीरदास किस तरह के कवि थे ?

(A) राष्ट्रकवि (B) चारण कवि

(C) भक्त कवि (D) राज्य कवि

13. पठित पाठ के अनुसार बौद्धकालीन बिहार के किस विश्वविद्यालय का अतीत आज के कैम्ब्रिज एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों से कहीं अधिक उन्नत और महत्त्वपूर्ण था ?

(A) तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय (B) ओदन्तपुरी विश्वविद्यालय

(C) विक्रमशिला विश्वविद्यालय (D) मगध विश्वविद्यालय

14. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में वह कौन थी जो कक्षा में चुपचाप बैठी रहती थी लेकिन पिकनिक के दिन खूब नाची ?

(A) अंजू (B) मंजु

(C) नीलू (D) सईदा

15. 'पीपल' शीर्षक कविता के केन्द्र में जो प्राचीन पीपल वृक्ष है वो किसका साक्षी है ?

(A) राधा और कृष्ण के प्रेम का (B) सीता और राम के मिलन का

(C) अनेक बदलावों का (D) गोलघर बनने का

16. 'दीनबन्धु 'निराला'' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) आचार्य शिवपूजन सहाय (B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) बेढब बनारसी (D) प्रेमचन्द

17. पाठ्यपुस्तक में कौन शीर्षक पाठ बाल-मजदूरी की नृशंसता को उभारने के साथ हमें बाल श्रमिकों के प्रति संवेदनशील बनाती है ?

(A) ईदगाह (B) ठेस

(C) खेमा (D) दीदी की डायरी

18. कवि अरुण कमल के अनुसार कहाँ के लोग बनाते हैं केवड़ा, गुलाब, खस और रातरानी अगरबत्तियाँ ?

(A) महलों के लोग (B) गंदे मुहल्लों के लोग

(C) अमीरों के मुहल्लों के लोग (D) सरकारी क्वार्टरों के लोग

19. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि किसने जमालपुर में राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागी बन पहला स्थान प्राप्त किया ।

(A) गुड़िया ने (B) कदम ने

(C) जैनब खानम ने (D) सोनी ने

20. जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्मस्थान है

(A) समस्तीपुर के निकट पितौंझिया गाँव

(B) खगड़िया के निकट ओलापुर गाँव

(C) दरभंगा के निकट सिमरी गाँव

(D) समस्तीपुर के निकट बाज़िदपुर गाँव

21. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि हुंडरू-प्रपात कितने फुट का है ।

(A) 180 फुट का (B) 243 फुट का

(C) 280 फुट का (D) 303 फुट का

22. 'ठेस' शीर्षक कहानी में सिरचन ने किसके छोटे लड़के को यह कहकर बेपानी कर दिया था कि - ''तुम्हारी भाभी नाखून से खाँटकर तरकारी परोसती है''?

(A) पंचानन्द चौधरी के (B) भज्जू महाजन के

(C) काकी के (D) मँझली भाभी के

C

23. 'कनक' शब्द का अर्थ है

(A) काम (B) कृष्ण

(C) शपथ (D) धतूरा

24. शब्द की जाति को क्या कहा जाता है ?

(A) वचन (B) अव्यय

(C) कारक (D) लिंग

25. 'लता' शब्द का बहुवचन है

(A) लते (B) लतों

(C) लताओं (D) लतओं

26. निम्नलिखित में कौन शब्द पुंलिंग है ?

(A) फ्रॉक (B) डायरी

(C) सरदी (D) सुपारी

27. निम्न में कौन शब्द स्त्रीलिंग है ?

(A) मालिश (B) पेपर

(C) नाखून (D) आटा

28. भूतकाल के भेदों में किसके साथ 'ने' का प्रयोग नहीं होता है ?

(A) सामान्य भूत (B) अपूर्ण भूत

(C) पूर्ण भूत (D) हेतुहेतुमद्भूत

29. 'बिल्ली छत से कूद पड़ी' - इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) संप्रदानकारक (B) संबंधकारक

(C) करणकारक (D) अपादानकारक

30. प्रयोग के अनुसार सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

(A) चार (B) पाँच

(C) छह (D) सात

31. 'मुझसे' शब्द का बहुवचन होता है

(A) तुमको (B) हमसे

(C) उसने (D) आपने

32. निम्नलिखित में कौन शब्द संख्यावाचक विशेषण है ?

(A) यह (B) सब

(C) वह (D) चौड़ा

33. 'क्षत्रिय बड़े साहसी होते हैं' - इस वाक्य में प्रविशेषण है

(A) क्षत्रिय (B) बड़े

(C) साहसी (D) होते हैं

34. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया

35. 'बच्चे की दुआ' पाठ के रचयिता हैं

(A) मो० इकबाल (B) अरुण कमल

(C) नरोत्तमदास (D) बिहारी

36. 'अशोक का शस्त्र-त्याग' शीर्षक पाठ में किस पात्र का यह कथन है - ''हाँ महाराज ! कलिंग के फाटक आज भी बंद हैं'' ?

(A) द्वारपाल का (B) संवाददाता का

(C) गुप्तचर का (D) बौद्ध भिक्षु का

37. दिनकर के अनुसार ईर्ष्या का क्या कार्य है ?

(A) खुजलाना (B) हँसाना

(C) जलाना (D) डराना

38. "मेरा तेरा मनुआँ कैसे इक होई रे ।

मैं कहता हौं आँखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी ।" - प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(A) नरोत्तमदास (B) कबीरदास

(C) बिहारी (D) शंकर शैलेन्द्र

39. विक्रमशिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में कितने महाविद्यालय विद्यमान थे ?

(A) छह (B) पाँच

(C) आठ (D) सात

40. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ के अनुसार संजू को किताबें पढ़ने का शौक किसकी देखा-देखी लगा है ?

(A) पिता की (B) भाई की

(C) बहन की (D) माँ की

41. पठित कविता के आधार पर बताएँ कि झाँसी राज्य के राजा की मृत्यु के बाद कौन अंग्रेज अधिकारी खुश होकर झाँसी राज्य को हड़पने का अच्छा मौका मानने लगा ?

(A) क्लाइव (B) हेस्टिंग्स

(C) डलहौजी (D) निकोलसन

42. 'सुभट' शब्द का अर्थ होता है

(A) खेल (B) दक्ष

(C) युद्ध (D) सूनी

43. दो सवर्ण स्वर मिलकर क्या हो जाते हैं ?

(A) दीर्घ (B) ह्रस्व

(C) विसर्ग (D) प्लुत

44. निम्न में कौन शब्द व्यंजन संधि का उदाहरण है ?

(A) दुरात्मा (B) पंचम

(C) देवेश (D) विद्यालय

45. 'यशोदा' शब्द का संधि-विच्छेद होता है

(A) य + शोदा (B) यश + योदा

(C) यशो + दा (D) यशः + दा

46. निम्नलिखित में कौन शब्द वृद्धि स्वर संधि का उदाहरण है ?

(A) रमेश (B) राजर्षि

(C) शयन (D) एकैक

47. निम्न में कौन शब्द शुद्ध है ?

(A) प्रदर्शनी (B) बिधी

(C) पून्य (D) नरायन

48. निम्न में कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) परिणति (B) दधीचि

(C) कवयित्री (D) गृहस्थ्य

49. निम्न में कौन विस्मयादिबोधक चिह्न है ?

(A) । (B) -

(C) ! (D) ?

50. दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच कौन विरामचिह्न लगाया जाता है ?

(A) अर्द्धविराम (B) विवरण चिह्न

(C) तारक चिह्न (D) योजक चिह्न

51. कवि शंकर शैलेन्द्र के अनुसार कौन गाते हुए कह रही है कि "तू आ मेरा सिंगार कर तू आ मुझे हसीन कर" ?

(A) नायिका (B) स्वर्ग

(C) महल (D) ज़मीन

52. 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में हामिद की दादी का क्या नाम है ?

(A) अदीला (B) अमीना

(C) अडीना (D) अदरा

53. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के अनुसार वे कौन हैं जो कभी अपने समय को यों बिताते नहीं और काम करने की जगह बातें बनाते हैं नहीं ?

(A) कर्मवीर (B) धर्मवीर

(C) बलवीर (D) रणवीर

54. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य के किस विधा में रचित है ?

(A) एकांकी (B) जीवनी

(C) निबंध (D) रेखाचित्र

C

55. 'हुंडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) वंशीधर श्रीवास्तव (B) बेढब बनारसी

(C) कामता प्रसाद सिंह 'काम' (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

56. कवि बिहारी हिन्दी साहित्य के किस काल के प्रतिष्ठित शृंगारिक कवि हैं ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

57. पठित पाठ्यपुस्तक के किस शीर्षक पाठ में मिथिलांचल की लोकसंस्कृति का प्रभावी वर्णन है ?

(A) ठेस (B) खेमा

(C) दीदी की डायरी (D) ईदगाह

58. किस पठित प्रार्थना गीत में दर्दमंद और वंचितों की हिफ़ाजत का संकल्प है ?

(A) तू जिन्दा है तो ..... (B) राह भटके हिरण के बच्चे को

(C) कर्मवीर (D) बच्चे की दुआ

59. 'अशोक का शस्त्र-त्याग' शीर्षक पाठ के अनुसार कलिंग महाराज की कन्या का नाम है

(A) देवी (B) पद्मा

(C) संघमित्रा (D) कारुवाकी

60. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ के अनुसार ईर्ष्यालु व्यक्ति किन वस्तुओं से दुःख उठाता है ?

(A) जो उसके पास मौजूद है (B) जो दूसरों के पास है

(C) खाने-पीने की वस्तुओं से (D) रोजमर्रा में प्रयोग की वस्तुओं से

61. उस विकारी शब्द को क्या कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध होता है ?

(A) अव्यय (B) संज्ञा

(C) पदबंध (D) भावार्थ

62. निम्न में कौन शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है ?

(A) भारत (B) प्रोफेसर

(C) मिठास (D) तेल

63. 'देवल' शब्द का अर्थ है

(A) दिया जाना (B) मन्दिर

(C) मन (D) अनुराग

64. बेढब बनारसी के अनुसार डॉक्टर चूहानाथ कातरजी किस शहर से एफ० आर० सी० एस० थे ?

(A) मैनचेस्टर से (B) ब्रिस्टल से

(C) लीड्स से (D) लंदन से

65. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि द्वारपाल के मुख से किसका नाम सुनते ही श्रीकृष्ण स्वागत के लिए दौड़े चले आये ।

(A) श्रीदामा के (B) सुदामा के

(C) अर्जुन के (D) सुबाला के

66. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक कौन हैं ?

(A) कामता प्रसाद सिंह 'काम' (B) आचार्य शिवपूजन सहाय

(C) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र (D) शंकर शैलेन्द्र

67. "ये ग़म के और चार दिन, सितम के और चार दिन

ये दिन भी जायेंगे गुजर, गुजर गये हज़ार दिन"

– ये पंक्तियाँ किस शीर्षक पाठ से हैं ?

(A) तू ज़िन्दा है तो..... (B) राह भटके हिरन के बच्चे को

(C) कर्मवीर (D) बच्चे की दुआ

68. 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में मेला गये हामिद के पास कुल कितने पैसे हैं ?

(A) दो पैसे (B) तीन पैसे

(C) पाँच पैसे (D) आठ पैसे

69. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के अनुसार किस तरह के लोग बाधाओं से जूझते हुए सभ्यता-संस्कृति का निर्माण करते हैं ?

(A) कर्मशील लोग (B) कायर लोग

(C) आलसी लोग (D) यायावर लोग

70. पठित पाठ्यपुस्तक में कौन शीर्षक पाठ इस मर्म का उद्‌घाटन करता है कि धर्मपालन आडम्बरों या अनुष्ठानों के निर्वाह में नहीं बल्कि आचरण की पवित्रता और शुद्धता में है ?

(A) जननायक कर्पूरी ठाकुर (B) चिकित्सा का चक्कर

(C) ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से (D) बालगोबिन भगत

71. 'व्यापी' शब्द का अर्थ है

(A) गिरावट (B) ख़राब

(C) अच्छा (D) फैलाव

C

72. 'कवर्ग' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ्य (B) दंत्य

(C) कंठतालव्य (D) कंठोष्ठ्य

73. 'ष' वर्ण का उच्चारण-स्थान है

(A) दंत्य (B) तालव्य

(C) मूर्द्धन्य (D) कंठ्य

74. निम्न में अयोगवाह ध्वनि कौन है ?

(A) प्लुत (B) विसर्ग

(C) निरनुनासिक (D) स्पर्श

75. निम्न में ऊष्म व्यंजन है

(A) ह (B) र

(C) झ (D) ण

76. उच्चारण में वायुप्रक्षेप की दृष्टि से व्यंजनों के कितने भेद हैं ?

(B) चार

C

77. निम्न में दीर्घ स्वर है

(A) ए (B) अ

(C) इ (D) उ

78. जिस स्वर के उच्चारण में तिगुना समय लगे उसे कौन स्वर कहते हैं ?

(A) ह्रस्व (B) विसर्ग

(C) संयुक्त (D) प्लुत

79. मुक्ताक्षर की अंतिम ध्वनि होती है

(A) व्यंजन (B) स्वर

(C) अयोगवाह (D) संपृक्त

80. सुरों के आरोह-अवरोह क्रम को क्या कहा जाता है ?

(A) स्वराघात (B) संगम

(C) सुरलहर (D) अव्यय

81. निम्नलिखित में कौन शीर्षक कविता प्रकृति चित्रण की विशेषता से परिपूर्ण है ?

(A) पीपल (B) सुदामा चरित

(C) कर्मवीर (D) कबीर के पद

82. आचार्य शिवपूजन सहाय के अनुसार याचकों के लिए कल्पतरु कौन थे ?

(A) कबीरदास (B) बिहारीलाल

(C) दीनबन्धु निराला (D) मो० इकबाल

83. खेमा ने यह किससे कहा कि, ''मेरे पैर जलते हैं, चप्पल ला दो काका ..... '' ?

(A) ग्राहक से (B) लेखक से

(C) डॉक्टर से (D) कसारा से

84. 'खेमा' शीर्षक पाठ में 'मुक्ताकाशी' होटल का मालिक कौन है ?

(A) खेमा (B) कसारा

(C) लेखक (D) खेमा के पिता

85. कवि अरुण कमल के अनुसार उभरी नसोंवाले हाथ क्या करते हैं ?

(A) बंदूक बनाते हैं (B) बैलगाड़ी चलाते हैं

(C) खुशबू रचते हैं (D) चाय बनाते हैं

86. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि निम्न में कौन ब्लू बेल्ट प्राप्त है और आत्मरक्षार्थ लड़कियों को कराटे का प्रशिक्षण भी दे रही है ।

(A) गुड़िया (B) सोनी

(C) कदम (D) जैनब खानम

87. 1952 ई० के प्रथम आम चुनाव में समस्तीपुर के ताजपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से जननायक कर्पूरी ठाकुर किस पार्टी के टिकट पर भारी बहुमत से विजयी रहे ?

(A) जनसंघ (B) कांग्रेस

(C) रिपब्लिकन पार्टी (D) सोशलिस्ट पार्टी

88. कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के अनुसार निम्नलिखित में कौन रानी लक्ष्मीबाई की सखियाँ थीं ?

(A) सीता और राधा (B) काना और मुंदरा

(C) श्यामा और लक्ष्मी (D) मोती और सोनी

89. लेखक बेढब बनारसी को सरकारी अस्पताल के डॉक्टर साहब ने कहाँ से दवाइयाँ मँगवाने को कहा ?

(A) सरकारी अस्पताल से (B) अपोलो फार्मेसी से

(C) चंद्रकला फार्मेसी से (D) गुरुदेव फार्मेसी से

90. सुदामा को द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के पास जाने को किसने विवश कर दिया ?

(A) सुदामा की पत्नी ने (B) सुदामा के भाइयों ने

(C) नगरसेठ ने (D) सुदामा के मित्रों ने

91. पठित कविता के अनुसार राह भटके हिरन के बच्चे को सुबह होने पर सूरज के उगने के बाद कौन मिल जायेगी ?

(A) उसकी दोस्त (B) उसकी बहन

(C) उसकी माँ (D) उसकी मौसी

92. कातिक से लेकर फागुन तक बालगोबिन भगत की क्या चला करतीं ?

(A) हल (B) प्रभातियाँ

(C) संझा (D) रोपनी गीत

93. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में मेला गये हामिद ने न कुछ खाया न पिया तो अपने पैसों से क्या खरीद लिया ?

(A) लोहे का चिमटा (B) खंजरी

(C) मिट्टी के खिलौने (D) बाँसुरी

94. रामधारी सिंह 'दिनकर' के अनुसार ईर्ष्यालु व्यक्ति का सबसे बड़ा पुरस्कार क्या है ?

(A) दूसरों के सुख को देखकर संतुष्ट हो जाना

(B) अपने प्रतिद्वंद्वियों को बेधकर हँसने का आनंद लेना

(C) अपने प्रतिद्वंद्वियों की प्रशंसा करना

(D) गरीबों और वंचितों की सेवा करना

95. 'वह लौटा हो' - यह वाक्य किस काल का है ?

(A) सामान्य भविष्य (B) अपूर्ण भूत

(C) संदिग्ध वर्तमान (D) संभाव्य वर्तमान

96. ऐसे शब्द को क्या कहते हैं जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता ?

(A) अव्यय (B) समास

(C) लिंग (D) वचन

97. निम्नलिखित में देशज शब्द है

(A) आईना (B) ठुमरी

(C) त्वरित (D) खीर

98. 'प्रख्यात' शब्द में उपसर्ग है

(A) प्र (B) प्रख्

(C) प्रख्या (D) प्रख्य

99. 'नयन' शब्द में प्रत्यय है

(A) अन (B) यन

(C) न (D) येन

100. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) कीताबी (B) खुनी

(C) इस्वी (D) केंद्रित

खण्ड - ब

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । $5 \times 2 = 10$

(क) नर-नारी पूर्ण रूप से समान है एवं उनमें से एक के गुण दूसरे के दोष नहीं हो सकते । स्त्री और पुरुष के गुणों के बीच एक प्रकार का विभाजन हो गया है तथा विभाजन की रेखा को लाँघने में नर और नारी, दोनों को भय लगता है । नारी समझती है कि पुरुष के गुण सीखने से उसके नारीत्व में बट्टा लगेगा । इसी प्रकार पुरुष भी स्त्रियोचित गुणों को अपनाकर समाज में स्त्रैण कहलाने से घबराता है । नारी की पराधीनता तब आरंभ हुई जब मानव जाति ने कृषि का आविष्कार किया जिसके चलते नारी घर में और पुरुष बाहर रहने लगा ।

(i) नर-नारी पूर्ण रूप से क्या है ?

(ii) किस कार्य को करने में नर और नारी, दोनों को भय लगता है ?

(iii) पुरुष के गुण सीखने के संबंध में नारी की क्या समझ है ?

(iv) पुरुष क्यों घबराता है ?

(v) नारी की पराधीनता कब आरंभ हुई, उसका प्रतिफल क्या हुआ ?

(ख) शिक्षा का कार्य है कि वह हमें बचपन से ही जीवन की संपूर्ण प्रक्रिया समझने में सहायता करे । निश्चित रूप में शिक्षा व्यर्थ साबित होगी, यदि वह हमें इस विशाल और विस्तीर्ण जीवन को, इसके समस्त रहस्यों को, अद्‌भुत रमणीयताओं को, दुखों और हर्षों को समझने में सहायता न करे । बचपन से ही सबको एक ऐसे वातारवण में रहना अत्यंत आवश्यक है जो स्वतंत्रतापूर्ण हो । हममें से अधिकांश व्यक्ति, किसी न किसी रूप में भयभीत हैं और जहाँ भय है वहाँ मेधा नहीं है । जिंदगी का अर्थ है अपने लिए सत्य की खोज और यह तभी संभव है जब स्वतंत्रता हो, जब हमारे अंतर में सतत क्रांति की ज्वाला प्रकाशमान हो ।

(i) शिक्षा का क्या कार्य है ?

(ii) शिक्षा कब व्यर्थ साबित होगी ?

(iii) बचपन से ही सबको किस तरह के वातावरण में रहना आवश्यक है ?

(iv) जिंदगी का क्या अर्थ है ?

(v) सत्य की खोज कब संभव है ?

C

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । $5 \times 2 = 10$

प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है ।

(क) ओमप्रकाश वाल्मीकि हिन्दी में दलित आंदोलन से जुड़े महत्त्वपूर्ण रचनाकार हैं । उनके लेखन में उनके अपने जीवनानुभवों की सच्चाई और वास्तव बोध से उपजी नवीन रचना संस्कृति की अभिव्यक्ति होती है । ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म 30 जून 1950 ई० को बरला, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में हुआ । उनके माता-पिता का नाम मकुंदी देवी और छोटनलाल है । जूठन (आत्मकथा), सलाम, घुसपैठिए (कहानी संग्रह), सदियों का संताप, बस्स ! बहुत हो चुका, अब और नहीं (कविता संकलन), दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र (आलोचना) - ये सभी उनकी प्रसिद्ध कृतियाँ हैं । उन्होंने महाराष्ट्र में 'मेघदूत' नाम की नाट्य संस्था स्थापित की ।

(i) ओमप्रकाश वाल्मीकि किस तरह के रचनाकार हैं ?

(ii) ओमप्रकाश वाल्मीकि के लेखन में किसकी अभिव्यक्ति होती है ?

(iii) ओमप्रकाश वाल्मीकि के माता-पिता का नाम क्या है ?

(iv) ओमप्रकाश वाल्मीकि रचित कुछ कृतियों के नाम लिखें ।

(v) ओमप्रकाश वाल्मीकि ने महाराष्ट्र में क्या स्थापित की ?

(ख) कविता का उद्देश्य हमारे हृदय पर प्रभाव डालना होता है, जिससे उसके भीतर प्रेम, आनंद, हास्य, करुणा, आश्चर्य इत्यादि अनेक भावों में से किसी का संचार हो । कल्पना जैसी मानसिक शक्ति से कवि रचना करता है और हम अपने मन में उन्हें धारण करते हैं । अपने वर्णनों में कवि लोग उपमा का सहारा लेकर जिस वस्तु के वर्णन का प्रसंग होता है, उस वस्तु के समान कुछ और वस्तुओं का उल्लेख भी किया करते हैं; जैसे - मुख को चंद्र या कमल के समान बताना । कवि लोग प्रेम, शोक, करुणा, आश्चर्य, भय, उत्साह इत्यादि भावों को पात्रों के मुँह से प्रायः प्रकट कराया करते हैं । पात्र के मुख से भाव की व्यंजना कराने में कवि में बड़ी निपुणता अपेक्षित होती है ।

(i) कविता का उद्देश्य क्या होता है ?

(ii) कल्पना क्या है ?

(iii) कवि लोग उपमा का सहारा क्यों लेते हैं ?

(iv) कवि लोग पात्रों के मुख से प्रायः क्या प्रकट कराया करते हैं ?

(v) कवि में किस कार्य के लिए बड़ी निपुणता अपेक्षित होती है ?

C

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250 - 300 शब्दों में निबंध लिखें : $1 \times 10 = 10$

(क) मेरा गाँव :

(i) गाँव का परिचय

(ii) गाँव की संस्कृति एवं लोग

(iii) गाँव की सुंदरता

(iv) गाँव में विकास

(v) उपसंहार

(ख) आज का बिहार :

(i) भूमिका

(ii) अतीत

(iii) वर्तमान स्थिति

(iv) उपसंहार

(ग) मेरा प्रिय खेल :

(i) भूमिका

(ii) प्रिय होने का कारण

(iii) खेल के नियम

(iv) जीवन में उपयोग

(v) उपसहार

(घ) दहेज प्रथा

(i) भूमिका

(ii) परंपरा और रूढ़ि

(iii) समाज के लिए अभिशाप

(iv) दहेज विरोधी कानून और सरकारी प्रयास

(v) उपसंहार

(ङ) राष्ट्रीय एकता :

(i) भूमिका

(ii) एकता में बल है

(iii) एकता में बाधक तत्त्व

(iv) एकता दृढ़ करने के उपाय

(v) उपसंहार

4. अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें जिसमें विद्यालय में आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी का वर्णन हो । 5

अथवा

मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें ।

C

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें : $5 \times 2 = 10$

(i) 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में लोहे की दुकान पर हामिद के मन में कौन से विचार आये ?

(ii) गुरु के यहाँ की किस घटना की याद श्रीकृष्ण ने सुदामा को दिलाई ? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

(iii) पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि पीपल का पेड़ किस प्रकार उपयोगी है ।

(iv) 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में ईर्ष्या की बेटी किसे और क्यों कहा गया है ?

(v) कवि बिहारी का संक्षिप्त परिचय दें ।

(vi) 'अशोक का शस्त्र-त्याग' शीर्षक एकांकी में पद्मा को अशोक से बदला लेने का अच्छा अवसर था, तब भी उसने अशोक को जीवित क्यों छोड़ दिया ?

(vii) पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि संजू को डायरी लिखने की प्रेरणा किससे मिली ।

(viii) कर्मवीर की पहचान क्या है ?

(ix) 'ठेस' शीर्षक कहानी में आये हुए मुख्य पात्रों के नाम लिखिए ।

(x) पठित कविता के आधार पर उत्तर दें कि लक्ष्मीबाई का बचपन किस प्रकार के खेलों में बीता ।

निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **100** शब्दों में : $1 \times 5 = 5$

(i) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है ।''

(ii) सप्रसंग व्याख्या करें :

''धन्य धन्य जदुवंश-मनि, दीनन पै अनुकूल ।

धन्य सुदामा सहित तिय, कहि बरसहिं सुर फूल ।।''